NT>

Title: Need to convert Indara-Dohrighat meter rail line of Eastern Railway into broad-gauge − Laid.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान वर्ा 2002-2003 के रेल बजट में पूर्वोत्तर रेलवे के इन्दारा-दोहरीघाट छोटी लाइन के रेल मार्ग के ट्रैक नवीनीकरण हेतु लगभग 18 करोड़ रू0 केन्द्रीय रेल सुरक्षा निधि से आबंटित किए जाने की ओर दिलाना चाहता हूं।

मात्र 35 कि0मी0 इन्दार-दोहरीघाट रेल मार्ग ही छोटी लाइन का माग शेा रह गया है, जिस पर मात्र एक डिब्बे की रेल बस चलती है। प्रस्तावित 18 करोड़ की धनराशि में कुछ और धनराशि जोड़कर उक्त रेल मार्ग बड़ी लाइन में बदल कर उपयोगी बनाया जा सकता है और क्षेत्रीय जनता के आवागमन को देश के बड़े नगरों से जोड़ा जा सकता है। उक्त मार्ग को बड़ी लाइन में बदलने की मांग क्षेत्रीय जनता कई वर्ो से कर रही है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि रेल बजट 2002-2003 में इन्दारा-दोहरीकरण रेल मार्ग हेतु प्रस्तावित ट्रैक नवीनीकरण के कार्य को संशोधित करके बड़ी लाइन में बदलने हेतु वांछित धनराशि की व्यवस्था करें।